सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 323 | इंदौर, बुधवार 10 जून, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मीनाक्षी नटराजन मामले में आज चुनाव आयोग पहुंचेंगे कांग्रेस नेता, अहम मुलाकात




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश सियासत चरम पर है। राज्यसभा चुनाव के कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के नामांकन पत्र खारिज किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को कांग्रेस के धरना प्रदर्शन के बाद आज निगाहें कांग्रेस के अगले कदम पर हैं। बुधवार को कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग के दफ्तर पहुंचेगा और अपनी बात रखेगा।

राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के बाद पार्टी का विरोध जारी है। मंगलवार देर रात प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत कांग्रेस के विधायक और नेता भोपाल स्थित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) कार्यालय पहुंचे और धरने पर बैठ गए। करीब आधे घंटे बाद पहुंचे अधिकारियों ने कांग्रेस नेताओं को बुधवार सुबह 11 बजे मुलाकात का समय दिया। कांग्रेस ने नामांकन निरस्त किए जाने को लोकतंत्र के खिलाफ बताते हुए फैसले पर आपत्ति जताई है।

### दिल्ली में भी करेंगे मुलाकात

चुनाव आयोग के एक अधिकारी के अनुसार, चुनाव आयोग और कांग्रेस नेताओं के बीच एक बैठक 10 जून को दोपहर 12 बजे नई दिल्ली स्थित निर्वाचन सदन में होगी। कांग्रेस अध्यक्ष को भेजे गए पत्र में चुनाव आयोग के सचिव अश्विनी कुमार मोहल ने कहा कि आयोग ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को 10 जून को दोपहर 12 बजे निर्वाचन सदन, अशोका रोड, नई दिल्ली में बातचीत के लिए समय देने का निर्णय लिया है। आयोग ने कांग्रेस से यह भी पूछा है कि बैठक में शामिल होने वाले प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के नाम उपलब्ध कराए जाएं। इससे पहले मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के लिए नियुक्त रिटर्निंग अधिकारी ने कांग्रेस की एकमात्र उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र खारिज कर दिया था।

### रात में दिया धरना

मीनाक्षी नटराजन मामले को कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या और सीट चोरी बताया। बता दें कि मंगलवार रात करीब 10 बजे कांग्रेस के नेता भोपाल के चुनाव आयोग कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, मप्र प्रभारी हरीश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, आरिफ मसूद सहित कई विधायक और कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यालय बंद होने के कारण वहां कोई अधिकारी मौजूद नहीं मिला। इस पर कांग्रेस नेताओं ने कार्यालय परिसर में ही धरना देते हुए फर्श पर बैठकर इंतजार किया। लगभग आधे घंटे बाद डिप्टी सीईओ पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल को बुधवार को मुलाकात का समय दिया। दिल्ली में भी कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

● सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को मिली रफ्तार

# 491 करोड़ के 17 नए विकास कार्य मंजूर, ओंकारेश्वर में बनेगा हेलीपैड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर मध्य प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रि-मंडलीय समिति की छठवीं बैठक में 491.66 करोड़ रुपये की लागत वाले 17 नए विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही उज्जैन और आसपास के जिलों में चल रहे 16,910 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 148 विकास और निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ-2028 के सभी कार्य तय समय-सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, बेहतर यातायात, सुरक्षा, चिकित्सा और आपदा प्रबंधन की तैयारियां अभी से मजबूत की जाएं। साथ ही स्टाफ की भर्ती और प्रशिक्षण प्रक्रिया भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए।



### उज्जैन के लिए कई परियोजनाओं को मंजूरी

बैठक में उज्जैन के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी मिली। इनमें शनि मंदिर से प्रशांति धाम चौराहा तक पुल और एप्रोच रोड का निर्माण, कान्ह नदी पर नया पुल, नई दो लेन सड़कें, पंचक्रोशी मार्ग का विकास, सड़क चौड़ीकरण और विश्राम गृहों के निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

### ओंकारेश्वर में बनेगा सर्वसुविधायुक्त अस्पताल

ओंकारेश्वर के विकास को भी विशेष प्राथमिकता दी गई है। यहां मंदिर परिसर के विकास, मल्टीलेवल पार्किंग, फूड कोर्ट, अस्पताल, स्टाफ क्वार्टर, रेलवे ओवरब्रिज और अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने ओंकारेश्वर में सर्वसुविधायुक्त अस्पताल और हेलीपैड बनाने के निर्देश भी दिए। उनका कहना है कि इससे आपदा या आपात स्थिति में एयर एम्बुलेंस जैसी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

### ओंकारेश्वर के लिए वैकल्पिक मार्ग भी होगा विकसित

मुख्यमंत्री ने ओंकारेश्वर-बड़वाह-खेड़ीघाट क्षेत्र के विकास के लिए अलग प्राधिकरण बनाने का सुझाव भी दिया, ताकि विकास कार्यों में बेहतर समन्वय हो सके। साथ ही ओंकारेश्वर के लिए वैकल्पिक मार्ग विकसित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में शिप्रा नदी के घाटों के निर्माण और प्रबंधन पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि घाटों का निर्माण चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और आश्रमों तथा गुरुकुलों को भी घाटों के रखरखाव और प्रबंधन से जोड़ा जाए। इससे सिंहस्थ के बाद भी इन घाटों का बेहतर उपयोग हो सकेगा।

### सिंहस्थ की पूरी व्यवस्था एकीकृत कंट्रोल रूम से होगी संचालित

सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर मुख्यमंत्री ने पुलिस, प्रशासन और नगर निगम को अभी से संयुक्त अभ्यास शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ की पूरी व्यवस्था एकीकृत कंट्रोल रूम से संचालित होगी और सभी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। मुख्यमंत्री ने उज्जैन क्षेत्र में 15 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य भी तय किया।

इसके अलावा इंदौर, देवास, खंडवा, आगर-मालवा, शाजापुर, मंदसौर और खरगोन जैसे जिलों में भी श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विकास कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने होटल, धर्मशाला और होम-स्टे निर्माण से जुड़े प्रस्तावों के त्वरित निराकरण तथा निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया।

ब्रिक्स कृषि सम्मेलन शुरू, भारत-रूस की हुई बैठक

# कृषि के विस्तार और व्यापार पर हुई बात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में मंगलवार 9 से 13 जून तक अंतरराष्ट्रीय स्तर के ब्रिक्स कृषि सम्मेलन की शुरुआत हुई। भारत की अध्यक्षता में आयोजित इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों सहित करीब 20 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक्सपर्ट्स भाग ले रहे है।**



मंगलवार को चल रहे पहले सत्र में भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। चर्चा का मुख्य केंद्र द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करना, कृषि व्यापार का विस्तार करना और सतत कृषि विकास को गति देने के लिए तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना था। बैठक में खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने, बाजार पहुंच और जलवायु-लचीली खेती में सहयोगात्मक अनुसंधान सहित पारस्परिक प्राथमिकताओं पर रचनात्मक विचार-विमर्श हुआ, जो रणनीतिक साझेदारी को सुदृढ़ करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि ब्रिक्स समूह आज वैश्विक कृषि और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में बेहद प्रभावशाली मंच बन चुका है। दुनिया की लगभग 42% कृषि भूमि, 68% कृषि जोतें और 42% खाद्य उत्पादन ब्रिक्स देशों के पास है। ऐसे में इंदौर में होने वाली यह बैठक वैश्विक कृषि नीतियों की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगी।

जनसुनवाई में दिखी प्रशासनिक संवेदनशीलता

# सुरक्षित आश्रय मिलने से निराश्रित वृद्ध के चेहरे पर लौटी मुस्कान

● अधिकारियों ने प्रत्यक्ष रूप से किया समस्याओं का निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हर मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रखीं। अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।**





जनसुनवाई में आए एक प्रकरण में सुखदेव बलिराम सपकाड़े ने बताया कि उनके पास रहने की कोई व्यवस्था नहीं है तथा पारिवारिक कारणों से वे स्वयं के लिए आश्रय की तलाश में हैं। प्रकरण प्राप्त होते ही कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में संबंधित अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर सुखदेव सपकाड़े की आवासीय व्यवस्था एक आश्रम में सुनिश्चित कराई गई। प्रशासन की इस संवेदनशील पहल से उन्हें सुरक्षित एवं व्यवस्थित आश्रय उपलब्ध हो सका। उनके चेहरे पर एक राहत भरी मुस्कान दिखाई दी।

इसकी प्रकार एक ओर प्रकरण में श्रीमती गायत्री साहू अपनी प्री-टर्म (समय से पूर्व जन्मी) शिशु के साथ पहुंचीं। उन्होंने बताया कि जन्म से ही बच्ची का स्वास्थ्य कमजोर है। उपचार कराने में कठिनाई आ रही है। प्रकरण पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में अपर कलेक्टर रोशन राय ने संबंधित अधिकारियों को बच्ची के निःशुल्क उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके तहत शिशु का उपचार एम.टी.एच. अस्पताल में कराया जाएगा, जिससे उसे आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में अधिकारियों ने आमजन से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 300 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देशन में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कई आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मुख्य रूप में प्लॉट, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता और रोजगार से जुड़े प्रकरण रहे। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारियों और अपर कलेक्टर रोशन राय, रिंकेश वैश्य ने जनसुनवाई में भाग लेकर नागरिकों की समस्याओं को सहानुभूति के साथ सुना और उनका निराकरण किया।

## अखिल भारतीय बैरवा महासभा इंदौर नगर कार्यकारिणी का शपथ विधि कार्यक्रम संपन्न...



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** अ भा बैरवा महासभा इंदौर नगर अध्यक्ष श्री महेश गोठवाल द्वारा बताया गया कि महासभा की इंदौर नगर कार्यकारिणी का गठन एवं शपथ विधि कार्यक्रम दिनांक 7 जून 2026 को अभिनव कला समाज,गांधी हाल इंदौर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री आर पी रमनवाल,पूर्व अपर संचालक महिला बाल विकास,विशेष अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी श्री रामकरण गोठवाल,श्री मदनलाल मिमरोट,प्रदेश महामंत्री श्री महेश जिनवाल और कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश जारवाल ने गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ. अम्बेडकर,बालीनाथ जी महाराज एवं झुतालाल जी जारवाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

उपस्थित अतिथिगणों का स्वागत नगर अध्यक्ष श्री महेश गोठवाल एवं नगर महामंत्री श्री मनोहर लोदवाल द्वारा किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की सूची का वाचन महामंत्री श्री मनोहर लोदवाल द्वारा किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री श्री मदनलाल मिमरोट द्वारा अध्यक्ष महामंत्री एवं समस्त पदाधिकारीयो को पद की शपथ दिलवाई गई। नगर कार्यकारिणी में 2 वरिष्ठ उपाध्यक्ष,4 उपाध्यक्ष,2 अतिरिक्त महामंत्री,11 मंत्री,1 संयोजक 11 संगठन मंत्री, प्रचार मंत्री,1 कोषाध्यक्ष,1 सहा कोषाध्यक्ष,1 आय व्यय निरोक्षक,6 कार्य मंत्री,2 कानून सलाहकार,13 कार्यकारिणी सदस्य,36 वरिष्ठ सलाहकार सहित इन्दौर नगर कार्यकारिणी बनाई। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवीयो का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में नगर के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी,वरिष्ठ समाजसेवी, मातृ शक्ति एवं युवा उपस्थित रहे। आभार नगर महामंत्री श्री मनोहर लोदवाल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी श्री नंदकिशोर लोदवाल ने किया।

## श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा का समापन

**इंदौर।** स्व. राम शंकर पटेल एवं स्व. ओमप्रकाश पटेल की स्मृति में जूना रिसाला गली नंबर 4 में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का समापन हुआ। तत्पश्चात पंडित मृत्युंजय शर्मा द्वारा हवन-पूजन होने के पश्चात पूर्णाहुति होने के बाद कन्या पूजन करने के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण द्वारा महाप्रसादी ग्रहण की गई। इस अवसर पर रामनरेश पटेल, प्रवीण पटेल, अर्जुन पटेल, प्रतीक पटेल, आदित्य गौर, पप्पू कुमायूं, हिमांशु पटेल एवं कीर्तन पटेल द्वारा यज्ञ में पूर्ण आहुति दी गई।

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की कार्रवाई तेजी से जारी

अंतिम तिथि 15 जून

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में नगरीय निकायों और पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया लगातार जारी है। इसी सिलसिले में जिले में अब तक नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए 2627 आवेदन प्राप्त हुए है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए अंतिम तिथि 15 जून है।

यह जानकारी मंगलवार को यहां सम्पन्न हुई स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में दी गई। बैठक में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में उपस्थित सदस्यों को मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संबंध में चल रही प्रक्रिया की जानकारी दी। बताया गया कि पुनरीक्षण का कार्य 15 जून तक चलेगा। इस दौरान कोई भी नागरिक अपना नाम नगरीय निकायों और पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। साथ ही नाम हटाने और संशोधन के लिए आवेदन दिया जा सकता है। बताया गया कि नगरीय निकायों के लिए अभी तक नाम जोड़ने के लिए 558 तथा पंचायतों के लिए 755 नाम हटाने के लिए नगरीय निकायों में 215 और पंचायतों में 986 तथा संशोधन के लिए नगरीय निकायों में 63 और पंचायतों में कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए है। बताया गया कि मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाएगा।



नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावा-आपत्ति केन्द्रों पर दावा-आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि अब 15 जून 2026 अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा-आपत्ति आवेदन पत्रों का निराकरण 25 जून तक किया जाएगा तथा निराकृत प्रकरणों की ईआरएमएस में प्रविष्टि 30 जून तक की जाएगी।

इसके बाद दावा-आपत्तियों की चेकलिस्ट 3 जुलाई तक तैयार की जाएगी तथा त्रुटि सुधार उपरांत वेण्डर को चेकलिस्ट 6 जुलाई तक वापस की जाएगी। फोटोयुक्त एवं फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची 9 जुलाई को जनरेट की जाएगी तथा फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची को 10 जुलाई 2026 तक वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

अंतिम फोटोयुक्त मतदाता सूची की मुद्रित प्रतियां 16 जुलाई तक उपलब्ध कराई जाएंगी। मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 18 जुलाई को किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची की डीवीडी/सीडी 20 जुलाई तक उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि विक्रय हेतु प्रतियां 21 जुलाई तक उपलब्ध रहेंगी। सार्वजनिक प्रकाशन के प्रमाण-पत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के लिए भी द्वितीय चरण की समय-सारणी में संशोधन किया गया है। पंचायतों के लिए दावा-आपत्ति केन्द्रों पर दावा-आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 15 जून 2026 अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 25 जून तथा निराकृत प्रकरणों की ईआरएमएस में प्रविष्टि की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। दावा-आपत्तियों की चेकलिस्ट 3 जुलाई तक तैयार की जाएगी। चेकलिस्ट की जांच एवं त्रुटि सुधार के बाद वेण्डर को 6 जुलाई तक वापस किया जाएगा। फोटोयुक्त एवं फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची 9 जुलाई 2026 को जनरेट होगी तथा फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची 10 जुलाई 2026 तक वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

पंचायतों की फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची की मुद्रित प्रतियां 16 जुलाई तक उपलब्ध कराई जाएंगी। ग्राम पंचायत एवं अन्य निर्धारित स्थानों पर अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 18 जुलाई को किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची की पीडीएफ (फोटो सहित एवं फोटो रहित) डीवीडी/सीडी के रूप में 20 जुलाई तक उपलब्ध कराई जाएगी। विक्रय हेतु डीवीडी/सीडी 21 जुलाई 2026 तक उपलब्ध रहेगी तथा सार्वजनिक प्रकाशन का प्रमाण-पत्र स्कैन कर अपलोड करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

बारिश से पहले इंदौर में बड़ा एक्शन

# जेसीबी से गिराए जर्जर मकान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मानसून की दस्तक से पहले नगर निगम प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। शहर में संभावित हादसों को टालने के लिए निगम की रिमूवल टीम लगातार खतरनाक और जर्जर हो चुके निर्माणों को जमींदोज करने की मुहिम चला रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को भी नगर निगम की टीम ने शहर के मुराई मोहल्ला क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। यहां तीन बेहद जर्जर मकानों को सफलतापूर्वक ढहा दिया गया।**





हालांकि, इन मकानों के ठीक पीछे बने अन्य निर्माण भी काफी पुराने थे, जिसके चलते पूरी कार्रवाई के दौरान टीम को असाधारण रूप से सतर्क रहना पड़ा ताकि किसी अन्य संपत्ति को नुकसान न पहुंचे। नगर निगम के जोन क्रमांक 11 के भवन अधिकारी एवं रिमूवल अधिकारी अंकेश बिरथरिया ने इस पूरी कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह नगर निगम कमिश्नर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के बाद टीम मुराई मोहल्ला, छावनी क्षेत्र में पहुंची थी। यहां चिन्हित किए गए तीन मकानों पर रिमूवल की कार्रवाई शुरू की गई जो पूरी तरह से जर्जर और रहने योग्य नहीं बचे थे। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और जिन अन्य खतरनाक मकानों को पहले ही चिन्हित किया जा चुका है, उन्हें भी जल्द ही हटाने का काम किया जाएगा। राहत की बात यह रही कि पूरी प्रक्रिया बिना किसी विरोध के बेहद शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। अंकेश बिरथरिया के मुताबिक, रिमूवल गैंग ने इन जर्जर मकानों को गिराने के लिए जेसीबी मशीनों का उपयोग किया था। इस कार्रवाई में सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि ध्वस्त किए जा रहे मकानों के ठीक पीछे बने मकान भी दशकों पुराने थे। ऐसी स्थिति में थोड़ी सी भी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती थी। इसी सुरक्षा पहलू को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के कर्मचारियों ने जल्दबाजी न करते हुए बेहद सावधानी और आराम से काम किया, जिससे पीछे बने मकानों की दीवारों या छतों को कोई आंच न आए। इस संवेदनशीलता के कारण कार्रवाई को पूरा करने में सामान्य से थोड़ा अधिक समय लगा। निगम अधिकारियों का कहना है कि बारिश का सीजन शुरू होने से पहले सभी चिन्हित जर्जर मकानों पर नियमानुसार कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी।

## इंदौर में आरक्षकों की दीक्षांत परेड डीजीपी कैलाश मकवाना ने ली सलामी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्थित पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को 78वें नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र (2025-26) के प्रशिक्षण पूर्ण होने पर दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मध्यप्रदेश पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।**







इस बैच की विशेष उपलब्धि यह रही कि इसमें 788 महिला प्रशिक्षुओं ने भी सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। समारोह के दौरान प्रशिक्षण की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) रवि कुमार गुप्ता, पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा कि पुलिस की सबसे बड़ी शक्ति जनता का विश्वास है, जिसे संवेदनशील व्यवहार और ईमानदार कार्यशैली से अर्जित किया जाता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में साइबर अपराध और नशे की समस्या बड़ी चुनौती बनकर सामने आई है, जिनसे निपटने के लिए तकनीकी रूप से दक्ष और नैतिक रूप से मजबूत पुलिस बल की आवश्यकता है। उन्होंने नव आरक्षकों से कहा कि वर्दी केवल अधिकार नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी का प्रतीक है। समाज पुलिसकर्मी को उसके व्यवहार और चरित्र से पहचानता है। उन्होंने मध्यप्रदेश पुलिस को देश की सबसे आधुनिक, संवेदनशील और विश्वसनीय पुलिस बनाने के संकल्प को दोहराया।

समारोह के दौरान प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डीजीपी ने पीटीसी इंदौर की कार्यप्रणाली और प्रशिक्षण व्यवस्था की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह और उनकी टीम की प्रशंसा की। दीक्षांत परेड के बाद प्रशिक्षुओं ने आरोहण कार्यक्रम के तहत टीम भावना, शारीरिक दक्षता और साहसिक करतबों का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षुओं के अनुशासन और कौशल ने उपस्थित अतिथियों एवं परिजनों को प्रभावित किया। समारोह में विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) रवि कुमार गुप्ता, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक अनुराग, चंद्रशेखर सोलंकी, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, डीआईजी मनीष कुमार अग्रवाल, इंदौर ग्रामीण एसपी राजेंद्र कुमार वर्मा सहित अनेक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षण) रचना भदौरिया ने आभार व्यक्त किया।

## ऑफसाइट मॉक ड्रिल का आयोजन किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं आपदा प्रबंधन योजना के अंतर्गत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क पर संभावित आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों का परीक्षण करने के उद्देश्य से गेल (इंडिया) लिमिटेड जगोटी इंदौर पीथमपुर पाइपलाइन विभाग ने जिला प्रशासन-इंदौर, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल और पारस्परिक सहायता भागीदारों के सहयोग से मंगलवार को सीजीएस इंदौर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल ने गैस रिसाव और उसकी रोकथाम, सड़क यातायात नियंत्रण, बचाव और हताहतों को स्वास्थ्य देखभाल केंद्र/अस्पताल में स्थानांतरित करने, आस-पास के क्षेत्र के निवासियों को सुरक्षित निकालने और राहत शिविरों में स्थानांतरित करने आदि को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया, ड्रिल के दौरान सभी टीम के सदस्यो का प्रभावी ढंग से समन्वय किया गया।

गेल (इंडिया) लिमिटेड भारत सरकार का एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है जिसके पास प्राकृतिक गैस के गैस प्रसंस्करण संयंत्रों के साथ-साथ तक़रीबन 20,000 किलोमीटर क्रॉस कंट्री प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क है।

## आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए रोजगार का अवसर

**इंदौर।** शासकीय संभागीय आईटीआई नंदानगर इंदौर में 11 जून को प्रातः 10:30 बजे से प्लेसमेंट (रोजगार) ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में संस्था की प्राचार्य श्रीमती रीना सोलंकी ने बताया कि रोजगार मेले में टेक्नो इलेक्ट्रीक एंड इंजीनियरिंग कम्पनी लि. द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण बेरोजगार पुरुष अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उक्त रोजगार मेले में इंदौर सहित खंडवा, खरगोन, धार, झाबुआ, बड़वानी, बुरहानपुर, उज्जैन, देवास, रतलाम, नीमच, मंदसौर, शाजापुर और आगरमालवा जिले के अभ्यर्थी शामिल हो सकते है। प्लेसमेंट ड्राइव में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल ट्रेड से आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। आवेदकों की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। कंपनी द्वारा 50 पदों पर चयन किया जाएगा।

## दो युवकों ने फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र के राहुल गांधी नगर में रहने वाले विजय रावत (36) ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विजय पेशे से ड्राइवर था और पत्नी व तीन साल के बेटे के साथ रहता था। घटना के समय पत्नी काम पर गई हुई थी, जबकि बेटा अपनी नानी के घर था। पुलिस को सूचना मृतक के भाई आकाश ने दी। उसने बताया कि परिवार में तीन भाई हैं और सभी अलग-अलग रहते हैं। माता-पिता का निधन हो चुका है। शाम को जब पत्नी घर लौटी तो विजय को फंदे पर लटका पाया। परिजनों का कहना है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया होगा। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में 32 वर्षीय पीयूष खटीक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पीयूष चंद्रभागा क्षेत्र का रहने वाला था और अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ ससुराल में रहता था। पुलिस के अनुसार, देर रात पति-पत्नी के बीच विवाद होने की आवाज किराएदारों ने सुनी थी। रात करीब 2 बजे पत्नी ने पीयूष को फंदे पर लटका देखा।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार **द्वारा फ्लैट जो इंदौर के ग्राम पिपल्याकुमार तहसील व जिला इंदौर (म.प्र.) के रेवेन्यु सर्वे नंबर 254/1/4/1, 254/1/4/2 पैकी रकबा 0.186 हेक्टेयर (1860 वर्गमीटर) की भूमि पर निर्माणधीन आवासीय सह व्यवसायिक भवन 'Cliffton Pride' पैकी तृतीय मंजिल का आवासीय प्रयोजन का प्रकोष्ट क्रमांक 303 (तीन सौ तीन) है, जिसका सुपर बिल्टअप एरिया 1050 वर्गफीट याने 97.58 वर्गमीटर एवं बिल्टअप एरिया 724 वर्गफीट याने 67.28 वर्गमीटर को क्रय करने का अनुबंध संपत्ति के मालिक श्री कपिल सोमानी पिता श्री राधावल्लभ सोमानी** से किया गया है। हमारे पक्षकार ने उक्त संपत्ति सर्व भार मुक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया गया है। संपत्ति मालिक को हमारे पक्षकार द्वारा आंशिक राशि अदा कर दी गई है। यदि उक्त सम्पत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति, बैंक, विभाग, संस्था का कोई हित, अधिकार, ऋण, भार या पारिवारिक, न्यायालयीन विवाद या आपत्ति हो तो संबंधित व्यक्ति इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मय प्रमाण व दस्तावेजी साक्ष्य के लिखित आपत्ति हमारे कार्यालय में प्रस्तुत करे। उक्त अवधि पश्चात् हमारे पक्षकार द्वारा दस्तावेज का निष्पादन एवं पंजीयन करवा लिया जावेगा तथा किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अवधि पश्चात् मान्य नहीं होगी और ऐसी आपत्ति अवधि पश्चात् हमारे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी। सूचनार्थ

**भावेश गुप्ता (अधिवक्ता)**

पता : 93 श्रीनगर मेन, इंदौर, मो. 74077-610001, 86022-61000

**जिले के प्रत्येक विकास खण्ड, नगरीय निकाय मुख्यालयों पर जनकल्याण शिविर आयोजित होंगे**

# श्री मोदी को 12 वर्ष के निरंतर कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 9 जून का दिन विशेष महत्व का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के निरंतर कार्यकाल का आज के बाद रिकॉर्ड बनने वाला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को मंत्रि-परिषद की ओर से बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि के लिए 5 से 21 जून तक प्रदेश में कल्याणकारी गतिविधियों से संबंधित विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रदेश के एक लाख संविदा कर्मचारी-अधिकारियों की 4.5 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जनकल्याण एवं उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा को जन्म दिवस की मंगलकामनाएं दीं।

### प्रत्येक विकासखंड और नगरीय निकायों पर लगेंगे जनकल्याण शिविर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 5 जून 2026 विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रत्येक विकास खण्ड, नगरीय निकायों में 'एक पेड मां के नाम' अभियान संचालित किया गया। अभियान में प्लास्टिक अपशिष्ट की सफाई एवं शासकीय कार्यालयों, स्कूल एवं छात्रावास में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। अभियान के अंतर्गत 12 से 18 जून 2026 की अवधि में जिले के प्रत्येक विकास खण्ड, नगरीय निकाय मुख्यालयों पर जनकल्याण शिविर आयोजित होंगे। इनमें केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण किए जायेंगे। शिविर 03 दिवसीय होगा। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए 19 एवं 20 जून 2026 को प्रत्येक जिले में 2 स्थानों पर कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और अन्य अनुभवी व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शन तथा व्याख्यान सहित प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 प्रत्येक विकासखण्ड और नगरीय निकायों में स्थानीय योग समूह के सहयोग से मनाया जाएगा।

### स्थानांतरण की समय-सीमा 15 जून तक ही रहेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने स्थानांतरण के लिए 15 जून की समय-सीमा निर्धारित की है। सभी विभाग 15 जून तक स्थानांतरण नीति का पालन करते हुये स्थानांतरण की कार्यवाही पूरी कर लें। समय-सीमा नहीं बढ़ेगी।

## जनगणना-2027 का पहला चरण पूरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्यप्रदेश में जनगणना-2027 के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। एक मई से शुरू हुए इस व्यापक अभियान में प्रदेश के सात लाख से अधिक परिवारों ने स्व-गणना प्रक्रिया के तहत स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराई। पूरी प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से संचालित किया गया, जिससे जनगणना कार्य को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सका।जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश में एक मई से 30 मई तक चले इस अभियान के दौरान प्रत्येक गांव और नगरीय क्षेत्र में मकानों, परिवारों और निवासियों से संबंधित निर्धारित जानकारी एकत्र की गई। यह कार्य प्रदेश के सभी 55 जिलों, 425 नगरीय निकायों और 449 तहसीलों के अंतर्गत आने वाले 54 हजार 923 गांवों में संपन्न हुआ। इसके लिए एक लाख 44 हजार से अधिक प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई थी, जबकि लगभग 15 हजार अतिरिक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को रिजर्व के रूप में रखा गया था।

**करीब 500 किलोमीटर दूर इंदौर में बैठकर अपने साथियों को फोन पर बताया पूरा प्लान**

# जबलपुर में मिर्ची डालकर लूटे 2 लाख रुपए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी। इंदौर से वसूली करने जबलपुर आए व्यापारी से 2 लाख रुपए की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि वारदात का मास्टरमाइंड व्यापारी का दोस्त ही निकला। उसने जबलपुर से करीब 500 किलोमीटर दूर इंदौर में बैठकर फोन पर अपने साथियों को निर्देश दिए और पूरी लूट की साजिश रची। पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी पीयूष पटेल अब भी फरार है।**

माढ़ोताल थाना क्षेत्र में 7 जून की शाम व्यापारियों की आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर 2 लाख रुपए लूट लिए गए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट की रकम, मोबाइल फोन, चाकू और दो दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। इंदौर निवासी अभय कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त लखन चौरसिया के साथ व्यापार की उधारी लेने 6 जून को जबलपुर आया था। इंदौर में रहने वाला उसका दोस्त पीयूष पटेल मूल रूप से जबलपुर का रहने वाला है। उसने दोनों को पाटन बायपास स्थित अपने जीजा के घर रुकने की सलाह दी थी। अगले दिन दोनों व्यापारी मझौली गांव गए और वहां से व्यापार की उधारी के 2 लाख रुपए लेकर लौट आए। इसी दौरान पीयूष ने फोन कर कहा कि उसका एक सामान किसी लड़के के पास है, जिसे साथ लेते आएं। एक युवक बाइक से पहुंचा और उन्हें एक पैकेट दे गया।

इंदौर लौटने की तैयारी कर रहे व्यापारियों से पैकेट लेकर आए युवक ने बस स्टैंड छोड़ने की बात कही। दोनों उसके साथ बाइक पर बैठ गए। वह उन्हें हाईवे की सर्विस रोड से ले जा रहा था। शाम करीब 7.30 बजे सफेद एक्टिवा पर सवार तीन युवक पहुंचे और व्यापारियों की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया। बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके बाद बदमाशों ने चाकू अड़ाकर बैग में रखे 2 लाख रुपए लूट लिए और फरार हो गए। हालांकि, व्यापारियों के साथ बाइक चला रहा युवक राजेंद्र पटेल भागने लगा तो अभय और लखन ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया था।

## ट्रेनिंग लेने आई छात्रा की संदिग्ध मौत

**ग्वालियर, एजेंसी**। ग्वालियर के आईपीएस कॉलेज में मुख्यमंत्री कौशल संवर्धन योजना के तहत नर्सिंग ट्रेनिंग लेने आई 23 वर्षीय छात्रा नीलू प्रजापति पुत्री लक्ष्मण प्रजापति की मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। नीलू को सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात करीब 12 बजे उल्टी होने लगी थीं। नीलू के परिजनों का आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन ने समय से इलाज नहीं कराया। उसे बीमार होने के करीब 6 घंटे बाद (सुबह 6 बजे) अस्पताल ले जाया गया। परिजनों का आरोप है कि हॉस्टल प्रबंधन की घोर लापरवाही ने उनकी बेटी की जान ले ली। छात्रा केआरजी कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी और 45 दिन की विशेष ट्रेनिंग के लिए 14 मई को आईपीएस कॉलेज पहुंची थी।

## विधायक के सरकारी आवास में चोरी

**भोपाल, एजेंसी**। मऊगंज से बीजेपी विधायक प्रदीप पटेल के सरकारी आवास में चोरी की घटना सामने आई है। चोर विधायक के पीए का लैपटॉप, नकदी, एटीएम कार्ड, पेन ड्राइव और अन्य जरूरी दस्तावेज चोरी कर ले गए। घटना भोपाल के अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र की है। चोरी 7 जून को हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विधायक के पीए डॉ. रामानंद पटेल ने पुलिस को बताया कि वे 7 जून को मऊगंज से भोपाल आए थे। वह विधायक के रेस्ट हाउस के खंड-3 के कमरा नंबर-74 में ठहरे हुए थे।

Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।

* * * * *

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे।
या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करे
www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com
(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है)

## संपादकीय

# रिकॉर्डों के नायक लगातार 12 साल

दिल्ली में NDA के मुख्यमंत्री-उप मुख्यमंत्रियों की 10 जून को मीटिंग होगी। इसमें बीजेपी सहित एनडीए गठबंधन में शामिल पार्टियों के सीनियर नेता मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अभिनंदन प्रस्ताव पास किया जाएगा। मोदी के प्रधानमंत्री के तौर पर 12 साल पूरे हुए हैं। उनके अब तक के कार्यकाल की उपलब्धियों को बीजेपी लोगों के सामने रख रही है और उपलब्धियों का जश्न भी मना रही है। 10 जून को नरेंद्र मोदी देश के सबसे लंबे समय तक लगातार पद पर बने रहने वाले प्रधानमंत्री बन जाएंगे। वह भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रेकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगे। नेहरू पहली बार 1952 में आम चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री बने थे। 1947 से 1952 तक का उनका कार्यकाल अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में था, क्योंकि उस समय तक चुनावी व्यवस्था पूरी तरह स्थापित नहीं हुई थी और चुनाव नहीं कराए गए थे। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का कुल कार्यकाल लगभग 14 वर्षों का रहा, लेकिन वह लगातार नहीं था। प्रधानमंत्री मोदी का लगातार 12 साल का कार्यकाल हो गया है। नेहरू पहली बार 1952 में आम चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री बने थे। 1947 से 1952 तक का नेहरू का कार्यकाल अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का कुल कार्यकाल लगभग 14 वर्षों का रहा, लेकिन वह लगातार नहीं था। नरेंद्र मोदी भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के अधिक समय तक पद पर बने रहने के रेकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय प्रधानमंत्री बनने के अवसर पर BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, दिल्ली BJP अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, संगठन महासचिव पवन राणा और सांसद बांसुरी स्वराज की मौजूदगी में झंडेवाला मंदिर में सुबह 9:15 बजे पूजा-आरती करेंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को बीजेपी मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में NDA सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि संकल्प से सिद्धि तक 12 वर्षों में भारत ने विकास और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय लिखा है।

## ज्ञान-विज्ञान

# सदी के सबसे लंबे सूर्यग्रहण से पहले इस साल होने जा रहा पूर्ण ग्रहण, दिन में छा जाएगा अंधेरा



खगोल वैज्ञानिक और आकाशीय घटनाओं में दिलचस्पी रखने वाले अगस्त 2027 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जब इस सदी का सबसे लंबा सूर्यग्रहण देखा जा सकेगा। लेकिन उससे पहले इसी साल पूर्ण सूर्यग्रहण की घटना होने जा रही है, जब दिन के कुछ समय के लिए सूरज चंद्रमा के पीछे पूरी तरह से छिप जाएगा। इस दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते दिन में अचानक कुछ समय के लिए अंधेरा छा जाएगा।

सूर्यग्रहण उस खगोलीय घटना को कहते है, जब चंद्रमा, सूर्य और पृथ्वी के बीच में आ जाता है। इसके चलते सूर्य के कोरोना का पूरा या कुछ हिस्सा चंद्रमा के पीछे छिप जाता है, जिससे सूर्य की रोशनी बाधित हो जाती है। पूर्ण सूर्यग्रहण तब होता है, जब चंद्रमा, सूर्य को पूरी तरह से ढंक लेता है।

**ग्रीनलैंड में इसे 2 मिनट से थोड़ा ज्यादा समय तक देखा जा सकेगा।**

**उत्तरी स्पेन में सिर्फ 20 सेकंड तक ही यह दिखाई देगा।**

### ● स्पेन में एक सदी बाद दिखाई देगा

साल 2026 का पूर्ण सूर्यग्रहण यूरोप के लिए बेहद खास है। यह एक सदी से भी ज्यादा समय में स्पेन की मुख्य भूमि से दिखाई देने वाला पहला सूर्यग्रहण होगा। उत्तरी स्पेन, ग्रीनलैंड, आइसलैंड और पुर्तगाल के कुछ हिस्सों में लोग पूर्ण ग्रहण का अनुभव करेंगे। यहां सूरज पूरी तरह से छिप जाने के कारण कुछ देर के लिए आसमान में अंधेरा छा जाएगा।

### ● इन इलाकों में आंशिक दिखेगा ग्रहण

यूरोप, अफ्रीका और उत्तरी अमेरिका के बड़े इलाकों में आंशिक ग्रहण दिखाई देगा, जहां सूरज का कुछ हिस्सा ही चंद्रमा के पीछे छिपेगा। हालांकि, इसकी छाया भारतीय उपमहाद्वीप से होकर नहीं गुजरेगी, जिसका मतलब है कि भारत में रहने वाले लोग इसे नहीं देख सकेंगे।

### ● एक साल बाद सदी का सबसे लंबा सूर्यग्रहण


अगस्त 2026 के सूर्यग्रहण के ठीक एक साल बाद 2 अगस्त 2027 को दुनिया 21वीं सदी के सबसे लंबे सूर्यग्रहण का गवाह बनेगी। यह इस सदी में धरती से देखा जाने वाला सबसे लंबा सूर्यग्रहण होगा जो 6 मिनट 23 सेकंड तक चलेगा। इस दौरान दिन के दौरान लगभग अंधेरा हो जाएगा। यह स्पेन से शुरू होगा और अफ्रीका के मोरक्को, अल्जीरिया, मिस्र, सूडान होते हुए मध्य पूर्व तक देखा जाएगा। मिस्र के लक्सर में इसका चरम रूप दिखाई देगा, जहां इसकी अवधि 6.19 सेकंड होगी, जो पूर्णता से थोड़ी ही कम है।

# सदी का सूर्यग्रहण देखने से इस बार चूके तो 157 साल बाद मिलेगा मौका

### NASA ने बताई अवधि

दुनिया के बड़े हिस्से को आसमान में सूर्य ग्रहण का ऐसा नजारा देखने का मौका मिलने जा रहा है, जो सदियों में एक बार होता है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया है कि इस सूर्य ग्रहण के दौरान दिन में इतना अंधेरा छाएगा कि कुछ मिनट के लिए रात जैसा माहौल हो जाएगा। अगले साल होने वाले इस ग्रहण के बाद अगले 157 साल तक इस तरह की अनोखी खगोलीय घटना नहीं होगी। यानी इसे देखने से चूकने वाले को फिर ऐसा मौका मिलना तकरीबन नामुमकिन है।

सूर्य ग्रहण की इस घटना के बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी घटना साल 2184 तक दोबारा नहीं होगी। ऐसे में इसे सदी का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण कहा जा रहा है। यह सूर्य ग्रहण 2 अगस्त, 2027 को होगा। छह मिनट से ज्यादा वक्त तक चलने की वजह से यह 21वीं सदी में होने वाला अब तक का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण बन जाएगा।



### सूर्य ग्रहण को कौन देख सकेंगे

नासा के अनुसार, अगस्त, 2027 के इस सूर्य ग्रहण की कुल अवधि 6 मिनट 23 सेकंड होगी। यह दुनिया के कुछ हिस्सों में बहुत अच्छी तरह से दिखाई देगा। वहीं कई देशों के लोग इसे आंशिक तौर पर देख सकेंगे। इस ग्रहण को स्पेन में अलावा और युस्काडी से बेहद अच्छे से देखा जा सकेगा। मिस्र में नील घाटी से भी ग्रहण साफ दिखेगा।

इबेरियन प्रायद्वीप और आसपास के इलाकों में इस घटना को देखने के लिए सबसे चौड़ा क्षेत्र होगा। अफ्रीका, बाकी यूरोप और मध्य पूर्व में यह आंशिक रूप से दिखाई देगा। ग्रहण के रास्ते के कारण यह लैटिन अमेरिका में दिखाई नहीं देगा। इसके अलावा एशियाई देशों में भी यह ग्रहण बहुत अच्छे से नहीं देखा जा सकेगा।

### भारत में दिखेगा सूर्य ग्रहण?

अगले साल होने वाला यह ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा। भारत के लोग इसे नहीं देख पाएंगे क्योंकि इसका रास्ता भारतीय उपमहाद्वीप से होकर नहीं गुजरेगा। यह ग्रहण अटलांटिक महासागर के ऊपर शुरू होगा और दक्षिणी यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व के देशों से होकर गुजरेगा। यह मुख्य रूप से स्पेन, मोरक्को, अल्जीरिया, लीबिया, मिस्र और सऊदी अरब में पूरी तरह से दिखाई देगा। हालांकि कई एक्सपर्ट उम्मीद कर रहे हैं कि भारत या कुछ एशियाई मुल्कों से इस ग्रहण की आंशिक रूप से शायद कुछ झलक मिल सके। हालांकि इसकी उम्मीद काफी कम है।

### क्यों खास है ये घटना

2 अगस्त, 2027 का सूर्य ग्रहण अपनी अवधि के अलावा भी कुछ खासियत वाला रहेगा। इसमें सबसे खास 'बेलीज बीड्स' का दिखना होगा, जो चंद्रमा की घाटियों से छनकर आने वाली सूरज की रोशनी की चमक होती है। इसमें डायमंड रिंग का असर भी दिखेगा। इसमें कुछ सेकंड के लिए पूरे किनारे के बजाय रोशनी की केवल एक चमक दिखेगी।



New Delhi

# कई राज्यों में मॉनसून की एंट्री, UP-बिहार में भीषण आंधी का अलर्ट, आपके शहर में कब होगी बारिश?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून तेजी से पैर पसार रहा है। मौसम विभाग (IMD) के अनुसार, मॉनसून की उत्तरी सीमा इस समय हरनाई, सोलापुर, कलबुर्गी, नंद्याल, चेन्नई और सिलिगुड़ी से होकर गुजर रही है। अगले 4 से 5 दिनों के दौरान मॉनसून के महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के बचे हुए हिस्सों, पूरे तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल के कुछ और इलाकों के साथ-साथ छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और ओडिशा में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हैं। इसके प्रभाव से जहां दक्षिण और पूर्व भारत में भारी



बारिश का दौर शुरू हो गया है, वहीं उत्तर भारत को भीषण गर्मी से राहत मिलने वाली है।

उत्तर भारत के मैदानी और पहाड़ी राज्यों में 11 और 12 जून को मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। दिल्ली-NCR, पंजाब और हरियाणा में 11 और 12 जून को 50 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली विनाशकारी आंधी के साथ बारिश की संभावना है। 13 से 16 जून के बीच भी धूल भरी आंधी और हल्की बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। वहीं, लखनऊ सहित पूरे उत्तर प्रदेश में 10 से 16 जून के बीच बारिश के आसार हैं। विशेष रूप से 12 जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ओले गिरने और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 70 किमी/घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट है।

Bihar

## टेंडर घोटाला: भ्रष्ट अधिकारी मुमुक्षु चौधरी, तारिणी दास और उमेश सिंह अरेस्ट, विजिलेंस का बड़ा ऐक्शन

**पटना, (एजेंसी)** बिहार के चर्चित टेंडर घोटाले में विशेष निगरानी ईकाई ने बड़ी कार्रवाई की है। विशेष निगरानी इकाई द्वारा तीन आरोपित अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मुमुक्षु चौधरी, भवन निर्माण विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता तारिणी दास और नगर विकास एवं आवास विभाग के कार्यपालक अभियंता उमेश कुमार सिंह शामिल हैं। बता दें कि इससे पहले ईडी की छापेमारी में तारिणी दास के ठिकानों से करीब 8.50 करोड़ नकद, मुमुक्षु चौधरी के ठिकानों से दो करोड़ नकद और उमेश कुमार सिंह के ठिकाने से करीब एक करोड़ रुपये नकद बरामद हुए थे। इसके अलावा भी इनके खिलाफ टेंडर घोटाले में कई संलिप्तताएं सामने आई हैं। छापेमारी के बाद विशेष निगरानी इकाई ने तरिणी दास, मुमुक्षु चौधरी और उमेश कुमार सिंह के खिलाफ अपने पद का गलत इस्तेमाल कर आय से अधिक संपत्ति हासिल करने का केस दर्ज किया था। आरोप है कि सीतामढ़ी और सहरसा में नगर आयुक्त के पद पर रहते हुए मुमुक्षु चौधरी ने रिशु श्री की कंपनियों को करोड़ों रुपये के ठेके दिए थे और रिश्वत ली थी।

Uttarpradesh

## 7 किलो सोना, 1 किलो चांदी... 12 करोड़ की चोरी कर भाग रहे थे पति-पत्नी और साली

**रामपुर, (एजेंसी) रामपुर और तेलंगाना पुलिस के ऑपरेशन में ऐसे पति-पत्नी और साली को अरेस्ट किया गया है, जो तेलंगाना से चोरी कर नेपाल भाग रहे थे. ये चोरी कोई मामूली नहीं थी. जिस घर में तीनों नौकर बनकर पहुंचे थे, वहां से करीब 7 किलो सोना, एक किलो चांदी और कैश पर हाथ साफ किया था. टोटल चोरी करीब 12 करोड़ की थी. फिलहाल तीनों आरोपियों को पकड़ लिया गया है.**

दरअसल, तेलंगाना के साइबराबाद कमिश्नरेट के गाचीबाउली इलाके में एक संपन्न परिवार रहता था. घर बड़ा था, जिंदगी व्यवस्थित थी और जरूरत थी कुछ मदद की. इसी जरूरत ने घर में एंट्री कराई- नेपाल से आए कमल, उसकी पत्नी विमला और उसकी साली कल्पना की.



शुरुआत बिल्कुल सामान्य थी. काम हुआ, व्यवहार अच्छा रहा और धीरे-धीरे ये तीनों घर के 'अंदर' आ गए- सिर्फ दीवारों के भीतर नहीं, बल्कि भरोसे के भीतर भी. घर के लोग शायद यह सोच भी नहीं सकते थे कि जिस परिवार पर वे आंख बंद करके भरोसा कर रहे हैं, वही एक दिन उनके लिए सबसे बड़ा झटका बन जाएगा.

New Delhi

**हवाई सफर होगा महंगा**

## सरकार ने विमान ईंधन में की 10% की भारी बढ़ोतरी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू एयरलाइंस के लिए विमान ईंधन (एटीएफ) से जुड़ी नई योजना पेश की। इसके तहत सरकार ने मंगलवार को एटीएफ की कीमतों में 10 फीसदी की वृद्धि की है, पर इसके साथ ही एयरलाइंस को अगले तीन साल तक के लिए ईंधन की दरें स्थिर रखने का विकल्प दिया गया है।

इस वृद्धि के बाद एटीएफ की कीमत 104.927 रुपये से बढ़कर 115 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। योजना के दायरे में आने वाली घरेलू एयरलाइंस को तीन साल तक इसी दर से ईंधन मिलेगा। जो एयरलाइंस इसे स्वीकार नहीं करेंगी, उसे अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस की तरह बाजार दर पर ईंधन मिलेगा, जो फिलहाल 142 रुपये प्रति लीटर है। यह योजना एच्छिक है।

कीमतों में बढ़ोतरी के झटके के साथ ही सरकार ने घरेलू एयरलाइंस कंपनियों को बड़ी राहत देने के लिए एक नई और अनोखी योजना भी पेश की है। इस नई योजना के तहत एयरलाइंस कंपनियों को अगले तीन साल तक के लिए ईंधन की दरें स्थिर रखने का विकल्प दिया गया है। इसका मतलब यह है कि जो भी घरेलू एयरलाइंस इस योजना को स्वीकार करेगी, उसे अगले तीन वर्षों तक वैश्विक बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव से मुक्ति मिल जाएगी और उन्हें लगातार 115 रुपये प्रति लीटर की तय दर पर ही ईंधन मिलता रहेगा। इससे कंपनियों को अपनी परिचालन लागत का दीर्घकालिक बजट बनाने में आसानी होगी।

खेल

# लॉर्ड्स और गद्दाफी स्टेडियम पर चला ICC का चाबुक, मैच रेफरी की रिपोर्ट से मचा हड़कंप

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने लंदन के लॉर्ड्स में खेले गए टेस्ट मैच और लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए वनडे मैच के लिए यूज हुई पिच को रेटिंग दी है। मैच रेफरी की रिपोर्ट के बाद आईसीसी ने पाया गया है कि यह पिच गेंद और बल्ले के गेम के लिए अच्छी नहीं थी। आईसीसी ने लॉर्ड्स और लाहौर की पिच को अनसेटिस्फेक्ट्री यानी असंतोषजनक बताया है। इसके अलावा आईसीसी ने पिच एंड आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रोसेस में एक-एक डिमेरिट पॉइंट्स भी दोनों स्टेडियमों को दिया है।

लंदन के लॉर्ड्स में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच और लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे ODI मैच के लिए इस्तेमाल की गई पिच को लेकर आईसीसी ने यह सजा दी है। ये रिपोर्ट मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट और ग्रीम ला ब्रूय ने जमा की थीं, जिन्होंने मैच अधिकारियों और कप्तानों से मिले फीडबैक के बाद चिंता जताई थी। दोनों स्टेडियमों को एक-एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है। अगर आगे भी इन पिचों को डिमेरिट पॉइंट मिले तो इन्हें बैन भी किया जा सकता है।

लॉर्ड्स में गेंदबाजों को फायदा मिला था, जहां वैरिएबल बाउंस था। पाइक्रॉफ्ट के




मुताबिक, पिच में हद से ज्यादा सीम मूवमेंट था, वैरिएबल बाउंस और कई गेंदें बहुत ज्यादा नीची रही थीं। बल्ले और गेंद के बीच संतुलन मुख्य मुद्दा इस मुकाबले में था। इतना ही नहीं, मैच के पहले दो दिनों में ही 33 विकेट गिर गए थे, जिनमें से ज्यादातर विकेट बोल्ड या फिर एलबीडब्ल्यू के रूप में गिरे थे। कमोबेश यही हाल लाहौर में खेले गए वनडे मैच के दौरान था। वहां भी गेंदबाजों के लिए अच्छी खासी मदद थी। हालांकि, वहां गेंद बहुत धीमी रह रही थी। वनडे मैच के लिए पिच अच्छी नहीं थी।

ICC की रिलीज में पाइक्रॉफ्ट ने कहा, "पूरे टेस्ट में बहुत ज्यादा सीम मूवमेंट था और कई मौकों पर गेंद बहुत नीचे भी रही। बाउंस पूरे दिन बदलता रहा, पहले दिन 16 विकेट गिरे और दूसरे दिन 17। पिच की वजह से गेंद और बल्ले के बीच ओवर-बैलेंस हो गया था।" ला ब्रूय ने लाहौर की पिच को रेटिंग देते हुए कहा, "पिच धीमी और नीची थी और रन बनाना बहुत मुश्किल था। यह एक वनडे इंटरनेशनल मैच के लिए सही नहीं थी, क्योंकि बैट्समैन को जमने में ज्यादा समय लगा। इससे मैच की शुरुआत में ही स्पिन को मदद मिली और पूरे मैच में ऐसा ही होता रहा।"

सिनेमा

## 19 की उम्र में घर से भागकर की शादी, पति की हुई मौत, दर्द में तड़पी साउथ सुपरस्टार की बहन, दूसरी शादी का भी हुआ दर्दनाक अंत



साउथ सुपरस्टार राम चरण की बहन और और चिरंजीवी की बेटी श्रीजा कोनिडेला ने पर्सनल लाइफ में काफी उथल-पुथल देखी है. श्रीजा ने अब अपने मेंटल हेल्थ स्ट्रगल्स को लेकर खुलकर बात की. उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्होंने खुद को संभाला और विक्टिम मोड से बाहर निकलने का फैसला किया. श्रीजा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी इमोशनल जर्नी के बारे में बात की. उन्होंने बताया कि 15 महीने के एक 'सेल्फ-डेवलपमेंट ग्रुप' ने उन्हें लाचारी के एहसास से बाहर निकलकर खुद को मजबूत बनाने में मदद की. वीडियो में श्रीजा ने उस भावनात्मक उथल-पुथल के बारे में बताया, जिसका उन्होंने सामना किया है. उन्होंने कहा- मैं एक कशमकश में फंसी हुई थी. मुझे लग रहा था कि मेरे साथ ही ऐसा क्यों हो रहा है. मुझे इतना दर्द क्यों सहना पड़ रहा है? मुश्किलें एक के बाद एक क्यों आ रही हैं? मैंने ऐसा क्या किया है, जो मुझे यह सब भुगतना पड़ रहा है? श्रीजा को फिर एहसास हुआ कि जिंदगी संवारने और बदलने की ताकत उनके खुद के पास है. श्रीजा ने आगे कहा कि एक समय पर उनकी पहचान उनके दर्दनाक अतीत से बन गई थी. वो बोलीं- जिंदगी में ज्यादातर वक्त मैंने खुद को अपने दर्द, अपने अतीत और अपनी कठिनाइयों से जोड़कर देखा.

## Highlights

1. 20-year shamlat land occupants eligible for ownership: CM
2. Woman held for killing 5-day-old son in Navi Mumbai
3. Woman held for killing 5-day-old son in Navi Mumbai
4. 12-year-old boy dies after entering sump, negligence case filed
5. Bengaluru tops Karnataka in NDPS cases with over 6,700 cases
6. Delhi braces for rain, storms as orange alert issued today
7. 14 Kuki hostages released by Naga groups after a month in Manipur
8. US congratulates PM Modi for becoming India's longest-serving elected PM
9. Education Minister prays at temple after PM Modi becomes longest-serving elected PM

# Maternity coverage in health insurance: What is it and what should you look for?



**NEW DELHI, (Agency).** Welcoming a newborn baby into this world is the happiest moment for parents. However, childbirth comes at a cost. The cost should not overshadow the joy of parents, which is where maternity coverage in health insurance comes into the picture. In this article, we will understand what maternity coverage is and what should you look for before selecting a plan.

### What is maternity coverage in health insurance?

Maternity coverage is part of health insurance and covers medical treatment expenses related to pregnancy and childbirth. It covers normal delivery and caesarean section (C-section) delivery. Maternity coverage also covers expenses towards lawful medical termination of pregnancy during the policy period.

### Usually, a maternity cover includes the following:

Expenses related to childbirth: Hospitalisation, room rent, diagnostic tests, operation theatre, doctor consultations, nursing, medications, etc.

Pregnancy related complications during hospitalisation

Pre-natal and post-natal care (usually for up to 90 days)

### Newborn care

Before finalising a policy, please read the policy wording to understand what exactly is included and what is excluded. Some plans cover vaccinations for the first year.

### What to look for?

When choosing maternity coverage, an individual should look for the following things.

### Waiting period

Most health insurance plans offered to retail customers come with a waiting period for maternity coverage. The waiting period usually ranges from 9 months to 48 months. The lower the waiting period, the better.

Some companies offer the same plan in different variants. Usually, in higher variants of the plan, the waiting period is shorter than in the base variant. For example, the Niva Bupa Aspire Health Insurance Plan is offered in four variants. The maternity waiting period for the 4 variants is as follows: Gold+ (48 months), Diamond+ (24 months), Platinum+ (9 months), and Titanium+ (9 months). As the plan variant goes higher, the premium increases because it offers more or higher benefits.

In some products, the waiting period for maternity coverage depends on the type of product chosen. For example, in the Super Health Insurance Plan offered by SBI General Insurance, the waiting period for maternity coverage differs with product type. For an individual policy (covering a single adult), the waiting period for maternity coverage is 48 months. However, for a family floater plan, the waiting period for maternity coverage is 24 months.

If you are planning to start a family and would like childbirth expenses covered through health insurance, you will have to plan well in advance. You will need to buy a health insurance plan with maternity coverage that has a waiting period that suits your needs.

# युवक से मिलने फ्लैट पहुंची युवती, परिवार में हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र स्थित भूरी टेकरी की एक मल्टी में युवक से मिलने पहुंची युवती के कारण शनिवार देर रात हाईवोल्टेज ड्रामा हो गया। आरोप है कि युवती ने घर में मौजूद महिला के साथ मारपीट की, अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह खुद को बेडरूम में बंद कर बैठ गई। मामले में कनाड़िया पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवती के खिलाफ मंगलवार को एफआईआर कर जांच शुरू कर दी है।

## भाई के फोन पर घर पहुंची युवती

पुलिस के अनुसार अरावली परिसर, भूरी टेकरी निवासी 30 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि शनिवार रात वह अपने पिता के साथ बाजार गई हुई थीं। इसी दौरान उसके भाई मोहनीश का फोन आया और उसने उन्हें तुरंत घर आने के लिए कहा। कनाड़िया थाना क्षेत्र स्थित भूरी टेकरी की एक मल्टी में युवक से मिलने पहुंची युवती के कारण शनिवार देर रात हाईवोल्टेज ड्रामा हो गया। आरोप है कि युवती ने घर में मौजूद महिला के साथ मारपीट की, अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह खुद को बेडरूम में बंद कर बैठ गई। मामले में कनाड़िया पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवती के खिलाफ मंगलवार को एफआईआर कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अरावली परिसर, भूरी टेकरी निवासी 30 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि शनिवार रात वह अपने पिता के साथ बाजार गई हुई थीं। इसी दौरान उसके भाई मोहनीश का फोन आया और उसने उन्हें तुरंत घर आने के लिए कहा।

घर पहुंचने पर पता चला कि अजमेर (राजस्थान) निवासी खुशी उर्फ शाइना खान फ्लैट पर आई हुई थी। आरोप है कि उसने घर में मौजूद युवती की मां को कमरे में बंद कर दिया था। अंदर से रोने की आवाजें आ रही थीं। परिजनों का आरोप है कि जब उनकी मां ने बाहर वालों से बात करने की कोशिश की तो युवती ने उनका मुंह दबा दिया और उनके साथ मारपीट की।

## युवक को परिवार से दूर रखने की जिद

परिजनों के मुताबिक जब खुशी से घर छोड़ने के लिए कहा गया तो उसने मना कर दिया। इसके बाद वह बेडरूम में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर बैठ गई। उसने कथित तौर पर कहा कि वह मोहनीश को नहीं छोड़ेगी और उसे परिवार के लोगों से भी नहीं मिलने देगी। शिकायत में कहा गया है कि युवती लगातार मोहनीश के साथ रहने की बात कह रही थी। उसने कथित तौर पर यह भी कहा कि यदि मोहनीश उसके साथ नहीं रहा तो वह आत्महत्या कर लेगी। मामला बढ़ने पर युवती ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और खुशी को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह कमरे से बाहर नहीं निकली। काफी देर बाद जब मोहनीश फ्लैट से चला गया, तब वह बाहर आई। परिजनों का आरोप है कि कमरे से बाहर आने के बाद युवती ने पूरे परिवार को आत्महत्या करने की धमकी दी और वहां से चली गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार कनाड़िया थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने खुशी उर्फ शाइना खान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दो भाइयों पर छेड़छाड़ और पॉस्को एक्ट के तहत एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट




**इंदौर। चंदन नगर थाना क्षेत्र में दो भाइयों के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक शुरुआती विवाद इलाके में पानी भरने को लेकर हुआ था, लेकिन जांच के दौरान 12 साल की बच्ची के साथ गलत हरकत के आरोप भी सामने आए हैं।**

पुलिस ने बताया कि रामानंद नगर निवासी दीपक कुमावत और रोशन कुमावत के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता के अनुसार सोमवार को वह इलाके में पानी भर रही थी, तभी आरोपी रोशन ने उसके साथ अभद्र भाषा में बात की। घर पहुंचने पर उसने अपने पिता को घटना की जानकारी दी। पीड़िता के पिता जब दोनों आरोपियों के घर बात करने पहुंचे तो वहां भी विवाद हो गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दीपक उस पर बुरी नजर रखता था और आने-जाने के दौरान उसका पीछा करता था। उसने यह भी आरोप लगाया कि नौकरी के दौरान आरोपी कई बार उससे बात करने का दबाव बना चुका है। जांच के दौरान पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया कि आरोपियों के यहां रहने वाले किरायेदार की 12 साल की बेटी के साथ भी दीपक ने अकेले में अश्लील हरकत और गलत तरीके से छूने जैसी घटनाएं की थीं। इसके बाद पुलिस ने बच्ची को थाने बुलाकर पूछताछ की। पुलिस ने मामले में दीपक कुमावत के खिलाफ पॉस्को एक्ट और छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है, जबकि रोशन कुमावत पर अभद्रता और विवाद करने के आरोप में कार्रवाई की गई है। मामले की जांच जारी है।

# सराफा चौपाटी में मारपीट, देर रात तक चला हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सराफा चौपाटी पर सोमवार देर रात उस समय भारी हंगामा हो गया, जब मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लात-घूसे चल गए। विवाद की शुरुआत हाथ धोने के बाद पानी के छींटे चाट-चौपाटी के खाने के सामान पर गिरने से हुई। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। सराफा थाना प्रभारी राजकुमार लिटोरिया से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार रात कुछ युवक चौपाटी पर घूमने आए थे। वे एक दुकान पर रुके और वहां अपने हाथ धोने लगे। हाथ धोने के बाद जब एक युवक ने हाथ झटके, तो पानी की कुछ बूंदें दुकानदार के काउंटर पर रखे खाने के सामान पर जा गिरीं। इस बात को लेकर दुकानदार और युवकों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। बहस देखते ही देखते इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए और उनके बीच जमकर मारपीट होने लगी। सराफा बाजार में मौजूद अन्य दुकानदारों और ग्राहकों ने दोनों पक्षों को शांत कराने और बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन गुस्साए लोग किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थे। बाजार में काफी देर तक हंगामा चलता रहा। हंगामे और मारपीट की सूचना मिलते ही सराफा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने विवाद कर रहे लोगों को अलग किया और दोनों पक्षों को गाड़ी में बैठाकर थाने ले आई। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में कुछ युवकों और दुकानदार पक्ष के लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक